वेदांता ने महिलाओं की भागीदारी 35 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा

दैनिक भास्कर ⁝ 1-1 minutes ⁝ 3/8/2026

उदयपुर | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वेदांता ग्रुप ने अपने सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी 35% तक बढ़ाने का लक्ष्य घोषित किया है। ड्राइव के माध्यम से महिलाओं को खनन, धातु, तेल एवं गैस, ऊर्जा और टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आमंत्रित किया गया। अभी तक उद्योग में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 18% रही है, जबकि खनन और धातु जैसे प्रमुख क्षेत्रों में यह केवल 6% ही थी। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को औद्योगिक विकास और भविष्य की तकनीकी जरूरतों में शामिल करना है।

.